आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 02.11.2025

समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय भ्रमण पर आज उत्तराखंड पहुंचेंगी; विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल।
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने आदिवासी समाज के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया, कहा– भारत को विकसित देश बनाने के लिए हर वर्ग का एकजुट होना आवश्यक।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर अगले 25 वर्षों का नया रोडमैप तैयार किया जाएगा।
- राज्य का पारंपरिक लोकपर्व इगास उत्साह और सांस्कृतिक गौरव के साथ मनाया गया।

राष्ट्रपति– उत्तराखंड भ्रमण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से 4 नवंबर तक उत्तराखण्ड दौरे पर रहेंगी। अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान वे राज्य के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति आज हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी।

श्रीमती मुर्मू उत्तराखण्ड राज्य की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर कल देहरादून में विधानसभा को संबोधित करेंगी और इसके बाद नैनीताल राजभवन की स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में शामिल होंगी।

4 नवंबर को राष्ट्रपति कैंची धाम में नीम करोली बाबा के आश्रम दर्शन करेंगी और इसके बाद नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होकर नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

## यातायात डायवर्ट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नैनीताल जिला भ्रमण के दौरान तीन और चार नवंबर को यातायात डायवर्ट रहेगा। इस दौरान सुबह आठ से रात आठ बजे तक हल्द्वानी से नैनीताल, भीमताल मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंधित रहेगी। राष्ट्रपति के नैनीताल से हल्द्वानी भ्रमण के दौरान पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले सभी वाहनों को तिकोनिया पर रोका जाएगा और अतिआवश्यक होने पर अल्मोड़ा और बागेश्वर की ओर जाने वाले वाहनों को हल्द्वानी से कालाढूंगी व रामनगर होकर भेजा जाएगा। वहीं पिथौरागढ़ और चंपावत जाने वाले वाहनों को वाया टनकपुर रवाना किया जाएगा।

## सुरक्षा व्यवस्था

राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए उत्तराखंड पुलिस सतर्क मोड में है। शनिवार को देहरादून पुलिस लाइन में एडीजी इंटेलिजेंस अभिनव कुमार ने अधिकारियों को ब्रीफ करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी सजगता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। प्रत्येक पुलिस अधिकारी अपने अधीन तैनात बल की पहचान सुनिश्चित करने और उन्हें ड्यूटी से संबंधित निर्देशों से भली–भांति अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

वीवीआईपी रूट प्रभारी को निर्देश दिए गए कि मार्ग की पूर्व जांच कर ली जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि रास्ते में किसी भी प्रकार की निर्माण सामग्री न हो। वीवीआईपी प्रवास और कार्यक्रम स्थलों के आसपास ड्रोन संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

सुरक्षा की दृष्टि से सभी संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी और ऊंचे भवनों, पानी की टंकियों जैसे स्थानों की बीडीएस व डॉग स्क्वॉड टीम से गहन जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। सभी अधिकारियों को हिदायत दी गई कि ड्यूटी के दौरान अनावश्यक मोबाइल फोन का उपयोग न करें और बिना अनुमति अपने स्थान को न छोड़ें। लापरवाही बरतने पर संबंधित पुलिस कर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने आदिवासी समाज के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लिए हर वर्ग का एकजुट होना आवश्यक है और इसके लिए आदिवासी समाज के युवाओं की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। श्रीमती आर्या

देहरादून के एक निजी विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय 17वें आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस कार्यक्रम में देश के पांच राज्यों के आठ नक्सल प्रभावित जिलों से 200 से अधिक युवा भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम के बाद मंत्री रेखा आर्या ने आदिवासी युवाओं से संवाद किया और नक्सलवाद समाप्त होने के बाद उनके जीवन में आए बदलावों के बारे में चर्चा की।

## जायजा लिया

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने वन अनुंसधान संस्थान–एफआरआई देहरादून पहुंचकर उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 9 नवंबर को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेकर सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित दौरे को देखते हुए सुरक्षा और अन्य सभी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद की जाएं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 60 से 70 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है, इसलिए प्रवेश और निकास व्यवस्था इस प्रकार की जाए कि आमजन को किसी तरह की असुविधा न हो।

उन्होंने यातायात और पार्किंग की व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए वृहद योजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम के दौरान शहर के यातायात पर कोई प्रभाव न पड़े।

## जीएसटी संग्रह

जीएसटी दरों में 22 सितंबर से लागू कटौती के बाद इस वर्ष अक्तूबर के कुल सकल वस्तु और सेवा कर –जीएसटी संग्रह में अक्टूबर 2024 की तुलना में चार दशमलव छह प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई।

अक्तूबर 2024 में जीएसटी संग्रह एक लाख 87 हजार करोड़ रूपये था। इस वर्ष अक्टूबर में यह बढ़कर एक लाख 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

## इगास

मुख्यमंत्री आवास में इगास पर्व पारंपरिक आस्था और सांस्कृतिक गौरव के साथ भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को इगास, बूढ़ी दीवाली और देव दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इगास हमारी सांस्कृतिक अस्मिता और सामूहिक भावना का प्रतीक है। लोक संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाना और युवा पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह की उपस्थिति में उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकारों और सांस्कृतिक दलों ने हारुल, झूमेलो, थड़िया, जागर जैसे कई लोकनृत्य और गीतों की प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण लोकधुनों से गूंज उठा।

इगास उत्सव के पारंपरिक क्रम में मुख्यमंत्री धामी ने लोक परंपरा के अनुसार "भेलों" भी खेला, जिससे कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों में उत्साह का माहौल बन गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार लोक कलाकारों के उत्थान, लोक परंपराओं को बढ़ावा देने और संस्कृति आधारित रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## शिष्टाचार भेंट

उत्तराखण्ड के पारंपरिक लोक पर्व इगास के अवसर पर कल देशभर से पहुंचे प्रमुख फिल्म और कॉमेडी कलाकारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत ये कलाकार राजधानी पहुंचे हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कलाकारों का स्वागत और सम्मान करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को नया आयाम देने और स्थानीय परंपराओं को संरक्षित करने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आयोजनों में प्रसिद्ध कलाकारों की भागीदारी से युवाओं को प्रेरणा मिलती है और राज्य की कला–संस्कृति को वैश्विक पहचान मिलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक पर्व इगास उत्तराखण्ड की आस्था और सामूहिक उत्सव का प्रतीक है, जो हमारी सांस्कृतिक जड़ों को और मजबूत करता है। उन्होंने कलाकारों के हास्य कला के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और उत्साह फैलाने के प्रयासों की सराहना की।

## मुख्यमंत्री संबोधन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती उत्सव जनभागीदारी का पर्व होगा और राज्य के विकास के लिए अगले 25 वर्षों का नया रोडमैप तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस उत्सव का केंद्र बिंदु संस्कृति, पर्यटन, युवाशक्ति, प्रवासी उत्तराखंडी और राज्य आंदोलनकारी रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि एक 11 नवंबर तक प्रदेशभर में रजत जयंती समारोह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का अवसर है, जिसके तहत समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण का खाका प्रस्तुत किया जाएगा।

श्री धामी ने कहा कि राज्य ने 25 वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी बड़े सुधार हुए हैं। राज्य में 58 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, मातृ मृत्यु दर में कमी आई है, लखपति दीदी योजना से एक लाख पैंसठ हजार से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं और वृद्धावस्था पेंशन 1500 रुपये कर दी गई है।

गोरखा दशैं–दीपावतली महोत्सव

तीन दिवसीय गोरखा दशैं–दीपावली महोत्सव और राजकीय मेला–2025 के दूसरे दिन गढ़ी कैंट स्थित महेंद्र ग्राउंड में भारत–नेपाल की सांस्कृतिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला। महोत्सव में गोरखा संस्कृति की झलक और नेपाली गीतों की धुन पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर गोरखाली कलाकारों ने "खुखरायन" प्रस्तुति के माध्यम से गोरखा सेना के शौर्य और देशभक्ति का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत गुरु वंदना कत्थक नृत्य से हुई। सिंधुली महिला कलाकारों की आराधना प्रस्तुति और अन्य नृत्य व गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मेले में पारंपरिक व्यंजन, झूले और मनोरंजन के कई आकर्षक स्टॉल लगे रहे।

महोत्सव में "खुकरी डांस", "कौड़ा डांस" और लाइव नेपाली बैंड की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और रंग भर दिए। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। महोत्सव का समापन आज रात को होगा।